JALAUN POLICE

दिनांक – 11.01.2025

साइबर थाना जालौन द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फ्राड हुयी धनराशि वापस कराकर शिकायतकर्ता के चेहरे पर लौटाई मुस्कान ।

श्रीमती गजल गुप्ता पत्नी शुभांशु गुप्ता निवासी कोंच की कुल राशि 1,50,000 /- रूपये की क्रेडिट कार्ड के माध्यम से फ्राड हुयी धनराशि के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था ।

साइबर थाना पुलिस टीम जनपद जालौन द्वारा जनपद में ऑनलाइन धोखाधड़ी व साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियो/बैंको/वालेट आदि से सम्पर्क कर, उपरोक्त शिकायतकर्ता की धनराशि वापस कराने में सफलता प्राप्त की ।

अतः शिकायतकर्ता की फ्राड हुयी धनराशि उनके खाते में वापस होने पर शिकायतकर्ता द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक व साइबर थाना पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी ।

बरामदगी का विवरण-

क्र0 सं0	नाम, पता वादी	फ्राड हुयी धनराशि	वापसी धनराशि
1	श्रीमती गजल गुप्ता	1,50,000 /- रूपये	1,33,141 /-रूपये

कुल बरामद धनराशि- 1,33,141 /- रूपये (एक लाख तैंतीस हजार एक सौ इक्तालिस रूपये)

बरामद करने वाली टीम –

1. प्रभारी साइबर थाना मय टीम जनपद जालौन ।